**ग्रामीण कृषि मौसम सेवा**

भारत मौसम विज्ञान विभाग

आईसीएआर - केंद्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान

जोधपुर, राजस्थान

# मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

**दिनांक : 14-08-2026**

**जोधपुर(राजस्थान) के मौसम का पूर्वानुमान - जारी करनेका दिन :2026-08-14 ( अगले 5 दिनों के 8:30 IST तक वैध)**

| मौसम कारक | 2026-08-15 | 2026-08-16 | 2026-08-17 | 2026-08-18 | 2026-08-19 |
|---|---|---|---|---|---|
| वर्षा (मिमी) | 0.0 | 0.0 | 0.0 | 0.0 | 0.0 |
| अधिकतम तापमान(से.) | 32.0 | 32.0 | 33.0 | 33.0 | 33.0 |
| न्यूनतम तापमान(से.) | 26.0 | 26.0 | 26.0 | 26.0 | 26.0 |
| अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (%) | 82 | 84 | 85 | 84 | 85 |
| न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (%) | 58 | 62 | 62 | 65 | 67 |
| हवा की गति (किमी प्रति घंटा) | 2 | 3 | 3 | 3 | 3 |
| पवन दिशा (डिग्री) | 252 | 255 | 261 | 245 | 235 |
| क्लाउड कवर (ओक्टा) | 5 | 6 | 6 | 6 | 6 |
| चेतावनी | NA | NA | NA | NA | NA |

## पूर्वानुमान सारांश:

आगामी दिनों में आंशिक रूप से बादल छाए रहने की संभावना है तथा वर्षा नहीं होने की संभावना है। अधिकतम तापमान 32 से 33 डिग्री सेंटीग्रेड और न्यूनतम तापमान 25 से 26 डिग्री सेंटीग्रेड रहने की सम्भावना। हवा की गति 2-3 किमी/ घंटा रहने की संभावना है।

**मौसम चेतावनियाँ (अगले दिन के 08:30 IST तक मान्य):**

| |
|---|
| कोई चेतावनी नहीं |

**मौसम चेतावनियों के कृषि पर संभावित प्रभाव और संबंधित एग्रोमेट सलाह:**

| |
|---|
| कोई नहीं |

**सामान्य सलाहकार:**

| |
|---|
| किसानों को सलाह दी जाती है कि खरीफ फसलों में कीटो की रोकथाम के लिए प्रकाश प्रपंश का प्रयोग कर सकते है। इसके लिए एक टब या किसी बडे बरतन में पानी और थोडा कीटनाशी मिला कर एक बल्ब जलाकर खेत के बीच में रखें। प्रकाश से कीट आकर्षित होकर उसी घोल मे गिर कर मर जाएगे। |

**लघु संदेश सलाहकार:**

| |
|---|
| किसानों को सलाह दी जाती है कि खडी फसलों में मृदा में उचित वायु संचारण साथ खरपतवार नियत्रण के लिए नराई-गुडाई करें। |

**फ़सल विशिष्ट सलाह:**

| फ़सल | फ़सल विशिष्ट सलाह |
|---|---|
| मूँग | किसान भाईयों को सलाह दी जाती है कि अगर मूंग की फसल में कातरा (रोएंदार सुंडी) का प्रकोप दिखाई दे तो नियंत्रण के लिए क्यूनालफास 25 ई. सी. @ 625 मिली लीटर का प्रति हैक्टेयर मे छिडकाव करें। |
| बाजरा | बाजरा की फसल में पत्ती भक्षक कीटों के नियंत्रण के लिए फसल की नियमित निगरानी करें। कीटों का प्रकोप दिखाई देने पर नियंत्रण कि लिए क्यूनालफास 25 ई.सी. @ 2 एम एल प्रति लीटर पानी की दर से से छिड़काव करें। |
| मूँगफली | मूंगफली की फसल में बादल छाये रहने के कारण टिक्का रोग के फैलने की सम्भावना है । इस रोग में पत्तियों पर मटियाले रंग के गहरे भूरे रंग के धब्बे पड़ जाते है । इस रोग की रोकथाम के लिये रोग के लक्षण दिखाई देते ही बाविस्टिन आधा ग्राम प्रति लीटर पानी के घोल का छिडकाव करें। |

## बागवानी विशिष्ट सलाह:

| बागवानी | बागवानी विशिष्ट सलाह |
|---|---|
| भिण्डी | भिण्डी की फसल में सफेद मक्खी पत्तियों और कोमल शाखाओं से रस को चूस कर पौधे को कमजोर कर देती है। इसके नियंत्रण के लिए मिथाइल डिमेटान 25 ई सी का एक मिली लीटर प्रति लीटर पानी की दर छिडकाव करें। |
| मिर्च | मिर्च की फसल मे रस चूसने वाले कीटों के नियंत्रण हेतु क्लोरपायरीफास 20 ई सी 0.03 प्रतिशत ( डेढ लीटर प्रति हैक्टेयर ) की दर से छिडकाव करें। |

## पशुपालन विशिष्ट सलाह:

| पशुपालन | पशुपालन विशिष्ट सलाह |
|---|---|
| गाय | पशुओं को हरी एवं सूखी चारे के साथ संतुलित आहार, खनिज मिश्रण तथा नमक नियमित रूप से खिलाएँ, जिससे उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता एवं दुग्ध उत्पादन बना रहे। |

## मौसम चेतावनियों के संभावित प्रभाव (सामान्य):

| |
|---|
| कोई नहीं |

## प्रभाव आधारित सलाह (सामान्य):

| |
|---|
| कोई नहीं |

**Farmers are advised to download Unified �Mausam� and "Meghdoot" android application on mobile for Weather forecast and weather based Agromet Advisories and "Damini" android application for forecast of Thunderstorm and lightening.**

**Mausam MobileApp link: https://play.google.com/store/apps/details/**

**Meghdoot MobileApp link: https://play.google.com/store/apps/details**

**Damini MobileApp link : https://play.google.com/store/apps/details**